## एक नजर

### खेत से इंजन चोरी कर ले गए चोर, रिपोर्ट दर्ज

घुंघचिहाई। थाना क्षेत्र के ग्राम दिलावरपुर के रवि शुक्ला ने बताया कि दो मई को वह घर से करीब एक किलोमीटर की दूरी पर जनकापुर गांव स्थित खेत पर गए थे। रात को किसी वक्त चोर खेत से इंजन चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### किशोरी को फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट

घुंघचिहाई। किशोरी को बहला फुसला कर ले जाने के मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। क्षेत्र के एक व्यक्ति ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह अपनी ससुराल में परिवार समेत रहते हैं। 26 अप्रैल को एक शादी समारोह में गए थे। इस बीच 16 वर्षीय पुत्री घर पर अकेली थी। आरोप है कि गांव सिमरिया ताल्लुके अजीतपुर बिल्हा निवासी मोहित अपनी मां और भाइयों की मदद से उनकी पुत्री को बहला फुसला कर ले गया। बेटी के बारे में जानकारी करने पर आरोपियों ने गाली गलौज कर धमकाय। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बिलसंडा में बाबा श्री खाटू श्याम का संकीर्तन आज

बिलसंडा। नगर के सरस्वती शिशु मंदिर के समीप बाबा श्री खाटू श्याम का संकीर्तन रविवार को होगा। कार्यक्रम आयोजक सुधीर सक्सेना एडवोकेट ने बताया कि संकीर्तन कार्यक्रम में वृंदावन के प्रसिद्ध गायक अमन मिश्री, बरेली की कंचन, पूजा एवं अन्य सहयोगी कलाकारों के साथ बाबा खाटू श्याम के जगराते में भेंट सुनाएंगे।

# यह है मेडिकल कॉलेज का हाल...वेंटिलेटर मौजूद फिर भी रेफर हो रही हाई रिस्क प्रेग्नेंसी महिलाएं

## जिला अस्पताल से मिल चुका है मेडिकल कॉलेज का दर्जा, फिर भी सुविधाएं नदारद, अफसर भी संजीदा नहीं

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


मेडिकल कॉलेज के एक कक्ष में रखे वेंटिलेटर। (फाइल फोटो)

- फिर नॉर्मल सिजेरियन प्रसव तक सीमित रहा स्टाफ

**अमृत विचार:** स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के लिए जिला संयुक्त चिकित्सालय को मेडिकल कॉलेज में तब्दील किया गया। बावजूद मरीजों को बेहतर इलाज नहीं मिल पा रहा है। आलम यह है आईसीयू की व्यवस्था नहीं होने पर यहां से हाई रिस्क प्रेग्नेंसी महिलाओं को रेफर किया जा रहा है। जबकि वेंटिलेटर की सुविधा मौजूद है। मगर, जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते संचालन शुरू नहीं हो सका है। जिस वजह से डॉक्टर मरीजों को निजी अस्पताल में रेफर किया जा रहा है।

जनपद में दशकों से संचालित हो रहे संयुक्त जिला चिकित्सालय को उच्चीकरण करते हुए वर्ष 2020 में मेडिकल कॉलेज की मंजूरी मिली थी। इसी क्रम में संयुक्त चिकित्सालय में संचालित हो रहे महिला और पुरुष अस्पताल को भी मेडिकल कॉलेज से संबद्ध कर दिया गया था। एक अप्रैल 2023 को एलओपी करते हुए मेडिकल कॉलेज का दर्जा मिला था। मेडिकल कॉलेज बनने के बाद जिले वासियों को लगा था कि उन्हें अब इलाज के लिए उन्हें बाहर नहीं जाना पड़ेगा। शासन की ओर से डॉ. संगीता अनेजा को प्राचार्य बनाकर भेजा गया है। डॉक्टरों की तैनाती की गई। वर्तमान समय में जनरल सर्जरी में सात डॉक्टर, डेंटल में तीन, आर्थोपेडिक में चार, नेत्र में तीन डॉक्टरों की तैनाती है।

इसके अलावा फिजीशियन, न्यूरो और स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर भी हैं। संसाधन बढ़ने के साथ जब स्टाफ बढ़ा तो मरीजों को लगा था कि उन्हें बेहतर इलाज मिलेगा। मगर यहां व्यवस्थाएं में सुधारवाने के बजाए बेपटरी हो गई है। मेडिकल कॉलेज बनने के बाद महिला अस्पताल को सौ शैया भवन में शिफ्ट कर दिया गया है। जहां प्रतिदिन कम से कम 500 की ओपीडी रहती है। इनमें करीब 50 फीसदी केस प्रसव के लिए आते हैं। नियमानुसार हाई रिस्क गर्भवती के लिए मेडिकल कॉलेज में आईसीयू वार्ड की सुविधा होनी चाहिए। मगर यहां इस व्यवस्था को चालू नहीं किया गया है।यह स्थिति तब है जब वर्तमान समय में 22 वेंटिलेटर भी उपलब्ध है। संचालन करने के लिए पांच एनेस्थेटिक और पांच ऑपरेटर भी मौजूद है।जिनमें एनेस्थेटिक में डॉ. राधेश्याम गंगवार, डा. राजेश कुमार, डॉ. अश्वनी गुप्ता, डॉ. अवरिल पांडे, डॉ. शुभम जोशी तैनात हैं। इसके अलावा पूर्व में वेंटिलेटर चलाने के लिए स्टाफ नर्सों को प्रशिक्षण दिया गया था। ताकि उसका संचालन हो सके। मगर, अफसरों ने वेंटिलेटर चालू करने की जहमत नहीं उठाई। जिस वजह से वेंटिलेटर आज भी धूल फांक रहे हैं।

### आईसीयू की पड़ी जरूरत, तो कर दिया रेफर

शहर के मोहल्ला डालचंद की रहने वाले राधा शर्मा नौ माह की गर्भवती थी। प्रसव पीड़ा होने पर परिवार वाले उन्हें इलाज की आस में बीते गुरुवार शाम चार बजे मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे। जहां पहले तो उसे भर्ती करने में आनाकानी होती रही। फिर गर्भवती की प्लेटलेट्स 61 हजार होने और बीपी हाई निकला। इस पर डॉक्टर उसे रेफर करने लगे। जब परिवार वालों ने रेफर करने का कारण पूछा तो बताया गया कि उनके पास अभी आईसीयू वार्ड की सुविधा नहीं है। जो निजी अस्पताल में मौजूद है। इस पर परिवार वाले उसे शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। पति ने बताया कि मेडिकल कॉलेज में इलाज के नाम पर सिर्फ रेफर किया जा रहा है। कोई भी देखने वाला नहीं है। परिवार की चिंता को देखते हुए उसे निजी अस्पताल में ही ले गए।

### सांसद भी लिख चुके हैं पत्र, फिर भी सो रहा महकमा

मेडिकल कॉलेज में वेंटिलेटर के संचालन को लेकर कोरोनाकाल में 22 वेंटिलेटर दिए गए थे। जिनका प्रयोग कोरोना काल में भी नहीं हो सका। अभी हाल में एक मरीज को आईसीयू की सुविधा न मिलने पर जान चली गई थी। हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं के अलावा हेडन्जरी समेत कई लोगों की जान भी जा चुकी है। मगर वेंटिलेटर शुरू नहीं हो सके। मामला संज्ञान में आने पर सांसद वरुण गांधी ने उनका संचालन कराने के लिए डीएम और सीएमओ को पत्र लिखा था। मगर फिर भी स्वास्थ्य महकमे में कोई सुध नहीं ली। जिस वजह से आए दिन आईसीयू के अभाव में मरीजों को रेफर या फिर जान गंवानी पड़ रही है।

> मेडिकल कॉलेज में व्यवस्थाएं दुरुस्त कराई जा रही हैं। आईसीयू वार्ड तैयार कराए जा रहे हैं। पुराने वेंटिलेटर में कुछ काम नहीं कर रहे हैं। जिनको ठीक कराने के लिए सप्लाई देने वाली कंपनी से वार्ता की गई है। इस माह आईसीयू वार्ड को चालू करने की पूरी कोशिश की जा रही है।
>
> – **डॉ संगीता अनेजा**, प्राचार्य, मेडिकल कॉलेज

# अब सीएचसी-पीएचसी पर भी लगेगी बायोमैट्रिक हाजिरी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- सीएमओ ने जारी किए निर्देश ललौरीखेड़ा सीएचसी पर हुई पहल, अब अन्य जगह भी लागू होगी
- कुछ कर्मचारी ने बायोमेट्रिक प्रणाली का कर रहे विरोध, सिस्टम सख्त हुआ तो बैकफुट पर आए

**अमृत विचार :** ड्यूटी के प्रति लापरवाही बरतने वाले स्वास्थ्य कर्मियों की खैर नहीं है। ड्यूटी पर कर्मचारी समयबद्ध तरीके से आकर काम करें। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से सीएचसी पीएचसी पर बायोमेट्रिक हाजिरी लगाने की व्यवस्था लागू की गई है। इसकी पहल ललौरीखेड़ा पीएचसी से चालू की गई है। जिसके बाद सीएमओ ने सभी प्रभारियों को निर्देश दिए है कि वह बायोमेट्रिक हाजिरी की व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें।

जिले में आठ सीएचसी और 21 पीएचसी हैं। यहां आए दिन देखने को मिलता है कि कर्मचारी समय से ड्यूटी पर नहीं पहुंच रहे थे। वहीं कई कर्मचारियों की शिकायत भी सीएमओ तक पहुंची थी। इधर, ललौरीखेड़ा पीएचसी में ड्यूटी के प्रति लापरवाही सामने आने पर पीएचसी अधीक्षक डॉ. कमलेश गंगवार ने बायोमेट्रिक हाजिरी लगाने की व्यवस्था कराई है। उनकी पहल पर कुछ लापरवाह कर्मचारियों ने विरोध किया, तो वहीं कई कर्मचारियों ने समर्थन करते हुए यह व्यवस्था पूरे जिले में लागू करने की मांग उठाई थी। मामले की जानकारी होने पर सीएमओ डॉ. आलोक कुमार ने सभी सीएचसी, पीएचसी और अन्य अधीन कार्यालयों में बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य रूप से लागू कर सूचना भेजने के आदेश दिए हैं। इतना ही नहीं बायोमेट्रिक में हाजिरी लगाने का समय भी तय किया जाएगा। निर्धारित समय के तहत अगर कर्मचारी अपनी हाजिरी लगाते हैं तो वह उपस्थित माने जाएंगे। अन्यथा अनुपस्थित समझा जाएगा। सीएमओ डॉ. आलोक कुमार ने बताया कि अधिकतर स्थानों पर कर्मचारियों के द्वारा ड्यूटी में लापरवाही की शिकायत सामने आ रही थी। इस पर सभी स्थानों पर बायोमेट्रिक हाजिरी लगाने के निर्देश दिए गए हैं।

### ऑनलाइन हाजिरी के आधार पर बनेगा वेतन

सीएमओ ने बताया कि तमाम स्वास्थ्य केंद्रों पर डाक्टरों व चिकित्सीय स्टाफ के गायब रहने की शिकायतें आए दिन आती हैं। पूर्व में छापेमारी के दौरान भी डाक्टरों व कर्मचारियों के गायब रहने का खुलासा हो चुका है। ऐसी स्थिति में बायोमेट्रिक हाजिरी व्यवस्था लागू कराई जा रही है। कहा कि बायोमेट्रिक हाजिरी रिपोर्ट के आधार पर ही वेतन भुगतान किया जाएगा।

# मेडिकल कालेज में पानी की किल्लत से मरीज परेशान

- शासन तक पहुंचा मामला तो देर रात दौड़े अफसर, सुधार में जुटे

**पीलीभीत, अमृत विचार:** मेडिकल कालेज में सुविधाएं न मिलने के साथ ही पानी समस्या भी गहरा गई। कई मरीजों को हुई दिक्कत का मामला सोशल मीडिया पर वायरल होने पर खलबली मच गई। शासन तक मामला पहुंचा तो शनिवार रात प्रशासनिक अमला पहुंचा और अब नई मोटर लगाकर पानी की दिक्कत दूर करने के दावे कर दिए है।

पीलीभीत जिला अस्पताल को मेडिकल कालेज का दर्जा मिलने के बाद भी सुविधाएं न बढ़ने पर सवाल उठते रहे है। बताते हैं कि तीन दिन से पानी की दिक्कत थी। इस दौरान मरीजों को समस्या गहराई तो पहले तो जिम्मेदार निगाहें फेरे रहे। पहले एक मरीज का तीमारदार शौच के लिए गया तो पानी नहीं था। फिर गर्भवती को उल्टी हो गई। वह भी बाहर ही परेशान रही। इस मामले के शासन तक पहुंचने के बाद हड़कंप मच गया। एडीएम वित्त एवम राजस्व ऋतु पूनिया, सीएमओ डॉक्टर आलोक कुमार, एसडीएम सदर देवेंद्र सिंह समेत कई अफसर अस्पताल पहुंचे और जानकारी जुटाई। जिसके बाद अव्यवस्था दूर करने का भरोसा दिलाते हुए जिम्मेदारों को निर्देश दिए। बताते है कि रात में ही बाजार से एडीएम ने पानी की मोटर लाने के निर्देश दे दिए है। सीएमओ ने बताया कि पानी की दिक्कत का पता चला था। नई मोटर लगवाकर सुधार कराया जायेगा।

# एडी हेल्थ के निरीक्षण में हर कदम पर स्वास्थ्य विभाग फेल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- मेडिकल कॉलेज और सीएमओ कार्यालय के निरीक्षण के दौरान मिली खामियां
- सुविधाओं को लेकर मरीजों से भी लिया फीडबैक, वेतन की समस्या भी रखी


मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण करती एडी हेल्थ डॉ. पुष्पा पंत व अन्य।

**अमृत विचार:** स्वास्थ्य विभाग के अफसर जिला पुरुष अस्पताल और मेडिकल कॉलेज में सभी सुविधाएं बेहतर होने का दावा करते नहीं थकते, लेकिन जब बरेली मंडल की अपर संयुक्त निदेशक और संयुक्त निदेशक ने शनिवार को मौके पर पहुंचकर हकीकत परखी तो सच्चाई कुछ और ही निकली। हर कदम पर स्वास्थ्य विभाग फेल साबित होता चला गया। निरीक्षण के दौरान न तो मरीज अस्पताल में मिलनी वाली सुविधाओं से संतुष्ट दिखे और न निरीक्षण करने वाले अफसर। इस पर सीएमओ को खामियां मिलने पर सुधार करने के निर्देश दिए। अपर मुख्य सचिव के निर्देश पर जिले की स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत परखने के संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य सेवा डॉ. पुष्पा पंत और अपर संयुक्त निदेशक डॉ. टीपी राठौर दोपहर एक बजे मेडिकल कॉलेज पहुंचे। प्राचार्य डॉ. संगीता अनेजा, सीएमएस पुरुष अस्पताल डॉ. संजीव सक्सेना और महिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. राजेश से मुलाकात करने के बाद मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया। सबसे पहले ओपीडी को चेक किया। जहां डॉक्टरों की ओर से मरीजों को दिए जा रहे परामर्श को भी देखा। इस दौरान एक मरीज वहां पहुंच गया। जिसने हड्डी का इलाज करने के लिए दर दर भटकने की बात कही। इस पर अपर संयुक्त निदेशक ने तत्काल उसे इलाज मुहैया कराने के निर्देश दिए। इसके बाद टीकाकरण कक्ष, दवा काउंटर, पर्चा काउंटर, महिला अस्पताल की ओटी, वार्ड आदि को देखा। महिला अस्पताल में टीम को आईसीयू वार्ड नहीं मिला। उन्होंने कोरोना काल में मिले 22 वेंटिलेटर की जानकारी ली। प्राचार्य डॉ. संगीता ने बताया कि 22 वेंटिलेटर में कुछ काम नहीं कर रहे हैं। जिसको लेकर कंपनी को पत्र भेजा गया है। इनमें तीन ठीक हो गए हैं। जिन्हें चालू कर दिया गया है। संयुक्त निदेशक डॉ. टीपी राठौर ने बताया कि मेडिकल कॉलेज में मैन पावर की कमी बनी हुई है। साथ ही ईएमओ भी नहीं है। जिस कारण इमरजेंसी वार्ड प्रभावित हो रहा है। जिसमें सुधार करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का काम पूरा कराने के लिए कार्यदायी संस्था को भी निर्देश दिए गए हैं। ताकि व्यवस्थाओं को सुचारू ढंग से चालू किया जा सके।

### ट्रामा सेंटर में खामियां वेतन की समस्या बताई

एडी हेल्थ ने अधिकारियों के साथ पुरुष अस्पताल में ट्रामा सेंटर आदि का निरीक्षण भी किया। जहां खामियां मिलीने पर उन्होंने नाराजगी जताई और सुधार करने के निर्देश दिए। इस दौरान कर्मचारी नेता फार्मासिस्ट कमलेश ने भी टीम से मुलाकात कर मार्च से कर्मचारियों को वेतन न मिलने की समस्या को रखा। इस पर टीम ने वेतन आहरण करने के निर्देश दिए।

# दो पक्षों में विवाद के बाद पुलिस ने रुकवाया काम

**घुंघचिहाई, अमृत विचार:** ग्राम मदारपुर में इन दिनों हर घर जल योजना के तहत पानी की पाइपलाइन डाली जा रही है। गांव के ही रमेश मौर्य ने रास्ते पर पाइप लाइन डलवाई। जिसका दूसरे पक्ष के रामचंद्र ने विरोध कर दिया। इसे लेकर दोनों में नोक झोक होने लगी। रमेश ने यूपी 112 पर कॉल कर दी। कुछ ही देर में पुलिस पहुंची और दोनों पक्षों से एक-एक व्यक्ति को थाने ले आए। एसओ धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि मामला राजस्व विभाग से संबंधित है। दोनों पक्ष रास्ते पर अपना अपना कब्जा दिखा रहे हैं। लेखपाल के मौके पर पहुंचने पर ही असली बात सामने आएगी। तब तक के लिए पाइपलाइन डालने का कार्य रुकवा दिया है।

# बनेंगे स्पीड ब्रेकर, हटेगा अतिक्रमण

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


टीम के साथ निरीक्षण करते जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह। ● अमृत विचार

- डीएम की अगुवाई में बिठौराकलां और गजरौला में पहुंची टीम ने ब्लैक स्पॉट का किया निरीक्षण

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम ने शनिवार को भी ब्लैक स्पॉट प्वाइंटों को देखा और उनमें सुधार को लेकर रणनीति बनाई। साथ ही सड़क सुरक्षा के स्टेट होल्डर विभागों के अधिकारियों की टीम दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र और जनपद में चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स का स्थलीय निरीक्षण करने के लिए पहुंची। इस दौरान पूरनपुर मार्ग पर ब्लैक स्पॉट्स के रूप में चिन्हित बिठौराकलां, कस्बा गजरौला में जिलाधिकारी ने बारीकी से देखा।

बिठौराकलां में मुख्य मार्ग से मिल रहे लिंक रोड पर स्पीड ब्रेकर लगवाने, बाजार क्षेत्र में रंबल स्ट्रिप लगवाने, निर्धारित गति सीमा से चलने, दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र का चेतावनी बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। कुछ स्थान पर बड़ी मात्रा में रेता बजरी डालकर अतिक्रमण कर रखा था। इसे तत्काल हटाने के निर्देश दिए गए। मुख्य मार्ग एवं फुटपाथ की असमान ऊंचाई को बराबर करने के लिए भराव डलवाने के लिए निर्देशित किया गया। इसी तरह कस्बा गजरौला में मार्ग के दोनों तरफ अतिक्रमण को हटाने के लिए थानाध्यक्ष गजरौला को निर्देश दिए। मुख्य मार्ग पर ट्रक की कतार लगी मिली।

इस पर वाहन स्वामियों को सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई। आबादी वाले स्थान पर स्पीड ब्रेकर, जेब्रा लाइन बनवाने, गतिसीमा का चेतावनी बोर्ड लगाने, कस्बा गजरौला में बंद पड़ी रोड लाइट संचालित किए जाने हेतु एनएच पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया गया। इसके अलावा बरेली हाईवे पर ललौरीखेड़ा में भी टीम पहुंची और बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों का सुधार शुरू कराया गया।

# सरकारी काम में बाधा डालने व धमकाने का आरोपी दोषमुक्त

विधि संवाददाता, पीलीभीत

- न्यायिक मजिस्ट्रेट अनुकृति सिंह ने सुनाया फैसला

**अमृत विचार:** न्यायिक मजिस्ट्रेट अनुकृति सिंह ने सरकारी काम में बाधा डालने और आपराधिक धमकी देने के मामले की सुनवाई के बाद आरोपी थाना अमरिया के गांव मझलिया निवासी ताहिर और गांव बरादुनवा निवासी मोहम्मद आरिफ को दोषमुक्त कर दिया है। वादी मुकदमा लेखपाल बुद्धसेन ने थाना अमरिया में रिपोर्ट दर्ज करायी थी। जिसके अनुसार 01 फरवरी 2012 को सुबह 11 बजे वह ग्राम मझलिया के मुस्तकिल के रकबे में गाटा संख्या-91 और 99 सरकारी अभिलेखों में मूल दर्ज है और सरकारी सम्पत्ति है। इसकी पैमाइश के लिए गया था। पैमाइश के समय अवैध कब्जेदार मोहम्मद ताहिर और मोहम्मद आरिफ ने पैमाइश कार्य नहीं करने दिया। झगड़ा करने पर अमादा हो गए। सरकारी कागजात छीनने की धमकी दी।

यह भी धमकी दी कि दोबारा गांव में आए तो बस्ता छीनकर आग लगा देंगे। पुलिस ने विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। मुकदमे की सुनवाई न्यायिक मजिस्ट्रेट अनुकृति सिंह ने की अदालत में हुई। न्यायालय ने दोनों पक्षों को सुनने और पत्रावली का परिशीलन करने के उपरान्त दोनों आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त कर दिया।

# पोर्टल पर शिकायत के बाद ओटी सील

संवाददाता, बीसलपुर


जांच करने के लिए अस्पताल पहुंची टीम।

- टीम ने न्यू धनवंतरी चिकित्सालय पर मारा था छापा, मचा हड़कंप

**अमृत विचार:** फर्जी चिकित्सालय चलाकर महिलाओं के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने के आरोप में मुख्यमंत्री पोर्टल पर हुई शिकायत के बाद सीएचसी अधीक्षक के साथ पहुंची टीम ने न्यू धनवंतरी चिकित्सालय के ऑपरेशन थिएटर को सील कर दिया है। छापेमारी के दौरान कर्मचारी भाग गए।

बीसलपुर -पीलीभीत मार्ग पर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के सामने करीब एक वर्ष से न्यू धनवंतरी चिकित्सालय संचालित है। चिकित्सालय के डायरेक्टर संतोष कुमार शर्मा हैं। एक युवक ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर बीते दिनों शिकायत की थी चिकित्सालय में पैनल पर दिखाए चिकित्सक मात्र दिखावा मात्र है। आरोप था कि एनेस्थीसिया व सर्जन बनकर महिलाओं का ऑपरेशन करने वाले झोलाछाप हैं। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए सीएमओ डॉ. आलोक कुमार शर्मा ने कार्रवाई के निर्देश दिए। जिसके बाद शनिवार को सीएचसी अधीक्षक डॉ. लेखराज गंगवार टीम दोपहर एक बजे नायब तहसीलदार और पुलिस के साथ अस्पताल पहुंचे।। इस दौरान संचालक समेत अन्य पैनल में दर्शाए डॉक्टर नहीं थे। चिकित्सालय में भर्ती दौलतपुर हीरा गांव निवासी सरस्वती को ऑपरेशन से बच्चा हुआ था। उसका बयान लिया तो बताया कि जिस दिन डॉक्टर ने ऑपरेशन किया है उस दिन से अभी तक वह डॉक्टर देखने नहीं आए हैं। ग्राम अभयपुर चैना नकटी खुशबहार ने बताया ऑपरेशन के उपरांत दो मई से अभी तक चिकित्सक मरीज देखने नहीं आए। ग्राम अमृता खास की राजरानी ने भी बताया कि ऑपरेशन से बच्चा होने के बाद अभी तक डॉक्टर देखने नहीं आए। शिकायत में भी यी आरोप थे। एनेस्थीसिया चिकित्सा का भी विवरण नहीं मिला। मौके पर प्रबंधक सुनील कुमार गंगवार से पूछताछ की गई तो वह भी संतोषजनक उत्तर नहीं दे सका। नायब तहसीलदार वीरेंद्र प्रताप सिंह की मौजूदगी में चिकित्सालय के ऑपरेशन थिएटर को सील कर दिया गया।

### सांड के हमले में ग्रामीण घायल

बीसलपुर, अमृत विचार : दियोरियाकलां कोतवाली क्षेत्र के ग्राम वलदेवपुर निवासी मुन्नालाल शनिवार को अपने खेत से वापस घर जा रहे थे। रास्ते में आवारा सांड़ ने उन पर हमला कर दिया। शोर सुनकर ग्रामीण जमा हुए और लाठी डंडे फटकारते हुए सांड को भगाया। घायल को एंबुलेंस से सीएचसी बीसलपुर लेकर आए। प्राथमिक इलाज के बाद घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। हालांकि परिजन फिर सीधे बरेली ले गए और एक निजी अस्पताल भर्ती कराया।

आवश्यकता है
अमृत विचार के बरेली संस्करण को एकाउंटेंट की
अनुभव :- न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
9518031113, 8476006584
अमृत विचार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

निरीक्षण — मझोला के गांव खली नवादा में डीसीओ ने किसी तरह की ढिलाई न बरतने के दिए निर्देश

# पर्ची चाहिए तो खेत में किसान करा लें गन्ने का सर्वे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


किसानों से संवाद करते जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** गन्ना सर्वे को एक पखवाड़ा बीत चुका है। जनपद में गन्ना विकास विभाग के हर स्तर के अधिकारी अपने कार्य-क्षेत्र में लगातार सर्वे कार्यों का निरीक्षण कर रहे हैं। इस दौरान ग्राम-स्तरीय जागरूकता गोष्ठियों का आयोजन कर किसानों से फीडबैक भी प्राप्त किया जा रहा है।

इसी क्रम में शनिवार को डीसीओ खुशीराम भार्गव ने गन्ना विकास परिषद मझोला के गांव खली नवादा में गन्ना सर्वे का निरीक्षण किया। राजकीय गन्ना पर्यवेक्षक सत्यवीर सिंह, चीनी मिल के गन्ना पर्यवेक्षक किशनलाल गांव में सर्वे करते मिले। कृषक-संवाद में किसानों ने अवगत कराया कि गांव में दो दिन से सर्वे कार्य चल रहा है। मौके पर सर्वे स्लिप दी जा रही है। उपस्थित कृषकों को डीसीओ ने पेड़ी-प्रबन्धन के लाभ बताए। पेकहा कि सर्वे सट्टा से सम्बन्धित समस्या का निवारण समय से करवा लें, ताकि पेराई सत्र में गन्ना आपूर्ति में कोई दिक्कत न हो। जिन किसानों ने पहली बार गन्ना फसल लगायी है वे 30 सितम्बर से पहले गन्ना समिति की सदस्यता के लिये ऑनलाइन आवेदन कर अपने वांछित अभिलेख उपलब्ध कराएं। ताकि समय से उनका सत्यापन कर गन्ना आपूर्ति की सुविधा दी जा सके।

नए सदस्यों से उनकी तीन प्रतियों में पासपोर्ट साइज की फोटो, भू-अभिलेख, बैंक खाता नंबर एवं मोबाइल नंबर लिया जाएगा। किसान नक्षत्र सिंह, चरनजीत सिंह, अक्षर सिंह, संतोष सिंह, तेजपाल सिंह, हरजीत सिंह, होरीलाल, अमर सिंह, कमलजीत, जसवंत, अमृत पाल, भगवंत सिंह, दलवीर सिंह आदि ने संवाद कार्यक्रम में प्रतिभाग कर गन्ना खेती के अनुभव साझा किए।

वरदान कॉलेज ऑफ नर्सिंग
ग्राम कैमुआ, आँवला, बदायूं रोड, बरेली, पिन-243402
यू.पी. स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा संबंद्ध
इंडियन नर्सिंग काउंसिल (आई.एन.सी) दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
हेल्थकेयर क्षेत्र में कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर


संस्थान में संचालित पाठ्यक्रम
जी.एन.एम. | ए.एन.एम. | ओ.टी. टैक्नीशियन
कॉल करें-0581-2510507, 9412193065, 9720282723
नगर कार्यालय
वरदान हॉस्पिटल एंड मैटरनिटी सेंटर, ईसाईयों की पुलिया, श्यामगंज, बरेली-243001
ई-मेल : vardancollege1@gmail.com | वेबसाईट : www.vardangroupofinstitution.com

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई



गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# बेटे की मौत बर्दाश्त नहीं कर सके पिता ने खाया जहर , मौत

## परिजनों ने बेटे की हत्या करने और ससुर को खुदकुशी के लिए विवश करने का पुत्रवधू व उसके मायके वालों पर लगाया आरोप

संवाददाता, पूरनपुर (पीलीभीत)

**अमृत विचार:** झगड़े के बाद पत्नी की शिकायत करने अपनी ससुराल गए युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। दूसरे दिन ससुराल वाले बेटे का शव लेकर घर आए तो पिता ने सवाल जवाब किए। इस पर ससुरालियों ने पिता से भी अभद्रता कर दी। जिससे आहत होकर पिता ने जहर खाकर जान दे दी। एक साथ दो मौतों से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने दोनों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। दूसरे बेटे ने मृतक के ससुराल वालों पर भाई की हत्या करने और पिता को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। पुलिस पुत्रवधू और उसकी मां को हिरासत में लेकर छानबीन में जुट गई है।



मृतक रामसरन।

कोतवाली क्षेत्र के गांव टांडा छत्रपति के रहने वाले कालिका प्रसाद के बेटे रामसरन ( 24) की शादी लखीमपुर खीरी जनपद के थाना मैलानी क्षेत्र के गांव छेदीपुर की गुर्जरा देवी से करीब डेढ़ वर्ष पहले हुई थी। उसके पांच माह का एक पुत्र है।

परिजनों का आरोप है कि गुर्जरा देवी आए दिन पति राम सरन और ससुर कालिका प्रसाद से झगड़ा करती थी। शुक्रवार दोपहर गुर्जरा देवी का पति राम सरन से विवाद हुआ। इसके बाद राम सरन बाइक लेकर पत्नी की शिकायत करने के लिए अपनी ससुराल चला गया। शनिवार सुबह ससुराल वाले रामसरन का शव ई रिक्शा पर लेकर उसके घर पहुंचे। बेटे का शव देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। वह रोने बिलखने लगे। जब रामसरन के पिता कालिका प्रसाद ने इसकी जानकारी करनी चाही तो आरोप है कि रामसरन का शव लेकर आए उसके ससुराल वालों ने पिता से गाली गलौज करते हुए अभद्रता की। इससे क्षुब्ध होकर कालिका प्रसाद ने जहरीला पदार्थ खा लिया, उनकी भी मौत हो गई। उसके बाद शव वहीं पर छोड़कर ससुराल वाले फरार हो गए। मृतक रामसरन के बड़े भाई रंजीत ने रामसरन की पत्नी, ससुर, सास, दो साले और एक साली के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। जिसमें भाई रामसरन की हत्या और पिता कालिका प्रसाद को खुदकुशी के लिए विवश करने का आरोप लगाया। इसकी सूचना मिलने पर एएसपी विक्रम दहिया, सीओ पूरनपुर आलोक सिंह, कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला पुलिस बल के साथ टांडा छत्रपति गांव पहुंचे। परिजनों से बातचीत के बाद पुलिस ने पिता पुत्र के शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। मृतक राम सरन की पत्नी और उसकी मां को हिरासत में लेकर पुलिस छानबीन में जुट गई है।



घटना के बारे में जानकारी करते सीओ पूरनपुर आलोक सिंह। ● अमृत विचार

- **टांडा छत्रपति का मामला, पुत्रवधु समेत दो हिरासत में एएसपी, सीओ ने पुलिस बल के साथ मौका मुआयना कर जुटाई जानकारी**

> मृतक के परिजनों ने ससुरालियों पर युवक की हत्या करने और ससुर को खुदकुशी के लिए विवश करने का आरोप लगाया है। रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। मामले की गहनता से जांच कर रहे हैं।
>
> **– आलोक कुमार**, सीओ पूरनपुर

### डेढ़ साल की शादी में गृहक्लेश बना मौत की वजह

**पूरनपुर :** पुलिस की जांच में अभी तक दोनों मौतों के पीछे मुख्य वजह गृहक्लेश ही निकलकर आया है। बताते हैं कि रामसरन की शादी को महज डेढ़साल का वक्त हुआ होगा। मगर उसके और पत्नी के बीच सामंजस्य नहीं बैठ पा रहा था। आए दिन किसी न किसी बात पर दंपति के बीच झगड़ा होता था। पुलिस के अनुसार करीब एक माह पहले ही रामसरन और उसकी पत्नी के बीच झगड़ा हुआ था। जिसके बाद पत्नी मायके चली गई। फिर प्रकरण की शिकायत पुलिस तक पहुंची। दोनों पक्षों को बुलाकर गृहस्थी बचाने के लिए समझौता करा दिया था। मगर कुछ दिन तक सब ठीक चलता रहा, लेकिन झगड़े बंद नहीं हुए। शुक्रवार को दिन में भी रामसरन पत्नी के साथ ही जा रहा था कि पत्नी से विवाद हो गया था। इसी की शिकायत करने के लिए वह अपनी ससुराल गया था। जहां पर उसकी मौत हो गई। शनिवार तड़के ससुरालिए ई-रिक्शा से उसे लेकर आए तो मृत हालत में था। उसके कुछ देर बाद ही आरोप है कि प्रताड़ना से तंग आकर पिता ने जहर खाकर जान दे दी।

### टांडा छत्रपति गांव दौड़ते रहे अधिकारी

पिता-पुत्र की मौत की सूचना आते ही पुलिस विभाग में खलबली मच गई थी। हत्या के आरोप लगाए गए तो पुलिस भी संजीदा हो गई और सत्यता का पता लगाने में जुट गई। दिन भर पुलिस की आवाजाही गांव में बनी रही। अफसर भी मृतक के परिवार से जानकारी करने के लिए पहुंचते रहे। इस दौरान ग्रामीणों में भी खलबली मची रही। दो मौतों को लेकर परिवार में मातम पसरा रहा।

### खुदकुशी तो कभी हत्या का मचा रहा शोर

पिता-पुत्र की मौत के बाद शनिवार दोपहर तक चर्चाएं तेज रही। एक तरफ परिवार की ओर से आरोप लगाए जा रहे थे। पुलिस मृतक रामसरन की पत्नी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही थी। वहीं, दूसरी तरफ कभी खुदकुशी करने तो कभी हत्या को लेकर शोर मचा रहा। अगल -अलग चर्चाएं की जाती रही। जिससे असमंजस की स्थिति पुलिस के सामने भी बनी रही। दोपहर में जब मृतक रामसरन के भाई की ओर से तहरीर दी गई तो पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी। हर कोई घटना को लेकर गमगीन दिखा। वहीं, मृतक राम सरन की पांच माह के बच्चे को लेकर भी लोग चिंता जताते रहे।

# पुरानी रंजिश के चलते मारपीट, पांच घायल

**बीसलपुर :** पुरानी रंजिश में दो पक्षों में मारपीट हो गई। घटना में पांच लोग घायल हो गए। पुलिस घायलों का मेडिकल परीक्षण कराकर जांच में जुट गई है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बर्धा निवासी संतोष कुमार ने बताया कि वह रसाया खानपुर गांव के एक भट्टे पर मजदूरी करते हैं। उनके साथ दो भाई भी मजदूरी करते हैं। शुक्रवार रात पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही कुछ लोग गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उनकी पिटाई कर दी। शोर पर बीच बचाव कराने पहुंचे भाई राजन, सतीश, शीतल , मुन्नी देवी की भी पिटाई कर दी। अन्य लोगों ने किसी तरह बचाया। कोतवाल अशोक पाल ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# डिवाइडर से टकराई बाइक, युवक घायल

**बिठौराकलां।** थाना क्षेत्र के बिठौराकलां गांव के सतीश शनिवार दोपहर बाइक में पेट्रोल भरवाने गए थे। वापसी में असम चौराहे के पास अचानक चक्कर आने से बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में सतीश शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मौके पर भीड़ लग गई। एंबुलेंस से घायल को जिला अस्पताल भिजवाया गया। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

# गर्भवती को दहेज की खातिर पीटने का आरोप

**बरखेड़ा।** थाना क्षेत्र के ग्राम मसीत के डालचंद ने बताया कि उसकी पुत्री नन्ही देवी का विवाह ग्राम धुरी खुर्द गांव के धर्मेंद्र कुमार से एक साल पहले हुआ था। ससुराल वाले बेटी से मारपीट करते हैं। अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। दो माह की गर्भवती होने के बावजूद पुत्री से मारपीट करते हैं। पिता ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की।

# 40 ग्राम स्मैक बरामद

**अमरिया।** थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान ग्राम तिरकुरनिया नसीर में नहर पुल के पास से दो लोगों को पकड़ा। उन्होंने अपना नाम बरेली जनपद के थाना बहेड़ी क्षेत्र के ग्राम पचपेड़ा निवासी आशू मियां और निहाल बताया। तलाशी में आरोपियों के पास से 40 ग्राम स्मैक बरामद हुई। एसओ ब्रजवीर सिंह ने बताया कि एनडीपीएस एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

# महिला की संदिग्ध मौत दहेज हत्या का आरोप

संवाददाता, बरखेड़ा

- **बरखेड़ा कस्बे के मोहल्ला कहारान का मामला, चार साल पहले हुई थी शादी**



मृतका किरन का फाइल फोटो

**अमृत विचार :** ससुराल में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव साड़ी से बने फंदे से कमरे में लटका मिला। मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर हत्या करने का आरोप लगाया।

बरखेड़ा के मोहल्ला कहारान के रोहित कुमार की शादी चार साल पहले बरेली के थाना क्योलडिया के गांव पुरैनिया की 23 वर्षीय पुत्री किरन से हुई थी। रोहित मकान में ही किराने की दुकान चलाता है। शनिवार सुबह किसी बात पर दंपति में अनबन हुई। पत्नी अपने कमरे से बाहर नहीं निकली। पति दोपहर एक बजे उसका एक साल के बेटे सार्थक को चाचा सोमपाल स्कूल से घर ले आए। जिसके बाद किरन कमरे से बाहर आई और बेटे को लेकर छत पर बने कमरे में जाने लगी। मगर पति ने बेटे को ऊपर ले जाने से मना कर दिया। जिसके बाद महिला दोबारा कमरे में चली गई। शाम करीब साढ़े चार बजे सार्थक रोने लगा। रोहित ने अपने चचेरे भाई शोभित को पत्नी को बुलाने के लिए भेजा तो कमरा अंदर से बंद मिला।

आवाज देने के बाद भी विवाहिता की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई। जब खिड़की से भीतर झांककर देखा तो किरन का शव फंदे पर लटका था। ये देख परिवार में चीख पुमार मच गई। आसपास के लोग भी जमा हो गए। मायके वाले भी आ गए और हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार चौहान ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल तहरीर नहीं मिली है।

# सुप्रीम कोर्ट ने पंचायत भवन ध्वस्त करने पर लगाई रोक



बिलसंडा के फिरसाह चुराह में बना पंचायत भवन।

संवाददाता, बिलसंडा

- **हाईकोर्ट ने पिछने दिनों दिया था बिल्डिंग को ध्वस्त करने का आदेश**
- **गांव फिरसाह चुराह के पूर्व प्रधान के अनुज की याचिका से मिली राहत**

**अमृत विचार:** ग्राम पंचायत फिरसाह चुर्राह के विवादित पंचायत भवन की बिल्डिंग को ध्वस्त करने के हाईकोर्ट के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। जिससे प्रशासन ने राहत की सांस ली है।

बिलसंडा ब्लॉक की ग्राम पंचायत फिरसाह चुर्राह में वर्ष 2021 में मनरेगा से 16 लाख की लागत से पंचायत भवन का निर्माण शुरू कराया गया था। इसमें आठ लाख से अधिक खर्च भी किए जा चुके थे। मौजूदा प्रधान महेश कुमार शुरू से ही रास्ते की जमीन पर भवन बनवाने का विरोध कर रहे थे। इसकी शिकायतें जिला स्तरीय अधिकारियों से की। मगर, शिकायत पर संज्ञान लेने के बजाए निर्माण कार्य जारी रहा। स्थानीय स्तर पर राहत न मिलने पर प्रधान ने उच्च न्यायालय इलाहाबाद की शरण ली इधर, प्रशासन की ओर से भवन निर्माण गलत जगह पर कराए जाने के मामले में कई जिम्मेदारों पर केस दर्ज करा दिया। जिसमें विरोध जताने वाले ग्राम प्रधान को भी शामिल कर लिया गया। चूंकि मामला पहले से उच्च न्यायालय पहुंच चुका था तो न्यायालय में सुनवाई चलती रही। जिस पर हाई कोर्ट ने रास्ते की जमीन पर बनवाया भवन ध्वस्त करने का आदेश दिया। इस आदेश से जिम्मेदारों में खलबली मच गई थी। आदेशित किया था कि आदेश की प्रमाणित प्रति डीएम को प्राप्त होने के छह हफ्ते के भीतर पुराना भवना गिराना होगा। नए निर्माण को लेकर भी डीएम को निर्देशित किया था। एसडीएम बीसलपुर को व्यक्तिगत हलफनामा दायर करने के भी उच्च न्यायालय द्वारा निर्देश दिए गए थे। पूर्व प्रधान मनजीत सिंह के अनुज सतनाम सिंह ने हाईकोर्ट के पांच मार्च 2023 को दिए गए फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। उनकी की ओर से रखे गए पक्ष पर सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी है।

फ्यूचर ने बनाया प्लेसमेंट का नया रिकार्ड

एक ही दिन में 31 से अधिक राष्ट्रीय अन्तर्राष्ट्रीय कम्पनियों में 500 से अधिक छात्र-छात्राओं का रिकार्ड चयन




Glimpses of Future Placement Fair-2024




EXCEL IN ACADEMICS ENJOY THE PLACEMENTS

Already more than 90 reputed National and Multinational Companies like **WIPRO, Adobe, Infosys, TCS, HP, HCL, Accenture, TVS, Tech-Mahindra, Hyundai, Lohia Group Vodafone, Deloitte, Ericsson, Capital Via, Flipkart, Policy Bazar, Digicall, etc.** offered **1000+Jobs** to the students of Future Group in 2024 prior to placement fair.

B.Tech. • MBA • MCA • B.Pharm. • D.Pharm. • BAMS
ANM • GNM • B.Ed. • D.El.Ed. • BBA • BCA • B.Sc.(Nursing) • Polytechnic
Dip. in X-Ray Tech/OT Tech./Optometry • DPT

Campus: Bareilly-Lucknow Road, Near Faridpur, Bareilly

Call: 9917480040
www.futureinstitutions.org

बवासीर भगन्दर
ऑपरेशन से बचें
दर्द रहित उपचार
सैक्स
रोगियों का यूनानी आयुर्वेदिक इलाज

डॉ. एस.के. गुप्ता
(गुप्त रोग चिकित्सक)
बवासीर भगन्दर रोग विशेषज्ञ
ऑपरेशन से बचें # दर्द रहित उपचार
धातरोग स्वप्नदोष, नामर्दी इन्द्रियों में ढ़ीलापन उत्तेजना के बाद ढ़ीलापन हो जाना, पेशाब में पीलापन जलन शीघ्रपतन शुक्राणु लिकोरिया- स्वेतप्रदर रक्त प्रदर, कमर में दर्द, महावारी टाइम पर न होना नलों का बंद होना योनि का ढ़ीलापन सेक्स की इच्छा न होना। चर्म रोग कील मुहासों का आयुर्वेदिक यूनानी दवाओं द्वारा इलाज।
नशा छुड़ाए? नशे से कुछ ही दिनों में छुटकारा पायें।
नोट:- हर जगह से निराश रोगी एक बार अवश्य मिलें।
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
स्थापित 1960
माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड आफिस के सामने, चौपुला से कुतुबखाना रोड, बरेली।
मो. 9259082174

# 48 घंटे शांति..फिर मचा तेंदुओं का आतंक, दो गांवों में जमाया डेरा

## शहर से सटे कुंवरपुर में तेंदुआ दिखने पर ग्रामीणों ने दौड़ाया, गांव के श्मशान घाट में जमाया डेरा, स्कूल बंद कराकर बच्चों को पहुंचाया घर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** दो दिन की शांति के बाद शनिवार को फिर एक बार तेंदुओं ने रिहायशी इलाकों के आसपास चहलकदमी कर दहशत फैला दी। शहर से सटे गांव कुंवरपुर के पास तेंदुआ देखे जाने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने लाठी-डंडे लेकर तेंदुआ खदेड़ दिया। इस दौरान कुछ ग्रामीण बाल-बाल गए। तेंदुआ की मौजूदगी से सरकारी स्कूल में छुट्टी कराकर बच्चों को सुरक्षित घर पहुंचाया गया। तेंदुआ गांव के समीप ही श्मशान घाट के आसपास डेरा जमाए हुए हैं। सामाजिक वानिकी टीम ने जांच पड़ताल के बाद ग्रामीणों को सतर्क करते हुए निगरानी शुरू कर दी है।

शहर से सटे पुरानी पीलीभीत गांव के पास एक बंद ईंट-भट्ठे के नजदीक तो एक तेंदुआ का पूरा कुनबा ही पल रहा है। इसी गांव में 28 अप्रैल को तेंदुआ ने एक ग्रामीण पर हमला कर घायल कर दिया था। 30 अप्रैल को एक तेंदुआ न्यूरिया क्षेत्र के गांव बरी अलीगंज में जा घुसा था। वहीं, एक अप्रैल को बीसलपुर क्षेत्र के जार कल्लिया गांव में घुसकर एक तेंदुए ने तीन ग्रामीणों को घायल कर दिया था। इधर दो दिन तक रही शांति के बाद शनिवार को तेंदुओं ने दो गांवों के पास दस्तक देकर एक बार फिर दहशत फैला दी। पहली घटना शनिवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे शहर से करीब ढाई किमी दूर कुंवरपुर गांव में हुई। गांव के पूरब दिशा में ग्रामीण रोज की तरह खेतों में काम कर रहे थे। इस बीच कुछ ग्रामीणों की निगाह रेलवे लाइन के समीप पुलिया के पास घूम रहे तेंदुआ पर पड़ी। कुछ दहीदेर में कई ग्रामीण हाथों में लाठी-डंडे लेकर तेंदुआ को खदेड़ने के लिए निकल पड़े और तेंदुआ को भगाने का प्रयास किया। जिस पर तेंदुआ गांव की ओर ही भाग खड़ा हुआ। बताते हैं कि इस दौरान एक-दो ग्रामीणों ने तेंदुआ पर डंडे से वार करने का प्रयास भी किया।

फिलहाल तेंदुआ गांव के श्मशान घाट में डेरा जमाए हुए है। सूचना मिलते ही सामाजिक वानिकी प्रभाग के डिप्टी रेंजर शेर सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे। तेंदुआ जिस पुलिया के पास चहलकदमी कर रहा था, वहां से करीब 30 मीटर दूर उच्च प्राथमिक विद्यालय कुंवरपुर है। सुरक्षा के लिहाज से स्कूल बंद कर दिया गया। शिक्षकों और सामाजिक वानिकी टीम ने बच्चों को सुरक्षा घेरे में लेकर घरों तक पहुंचाया। फिलहाल टीम ने ग्रामीणों को सतर्क करते हुए तेंदुए की निगरानी शुरू कर दी है।


शहर से सटे गांव कुंवरपुर में रेल लाइन के किनारे दौड़ता तेंदुआ।


स्कूल बंद होने के बाद बच्चों को सुरक्षित घर पहुंचाती टीम व शिक्षक। • अमृत विचार

- एक अन्य तेंदुआ ने हरकिशनापुर गांव के पास तालाब के किनारे जमाया डेरा
- दोनों स्थानों पर सामाजिक वानिकी प्रभाग की टीमों ने शुरू की निगरानी

> पीलीभीत रेंज के अंतर्गत आने वाले गांव कुंवरपुर के पास तेंदुआ की चहलकदमी की सूचना मिली थी। टीम के साथ मौके पर जाकर जांच पड़ताल की गई है। सुरक्षा की दृष्टि से स्कूली बच्चों को सुरक्षित उनके घर पहुंचाया गया है। हरकिशनापुर में भी तेंदुआ की सूचना मिलने पर टीम को भेजा गया है। दोनों स्थानों पर टीमें लगातार निगरानी कर रही हैं।
>
> – **शेर सिंह**, डिप्टी रेंजर, सामाजिक वानिकी प्रभाग


कुंवरपुर गांव में पुलिया के पास निगरानी करती सामाजिक वानिकी टीम।

### स्कूली बस के सामने आया बाघ

**पीलीभीत, अमृत विचार :** कलीनगर क्षेत्र में बाइफरकेशन मार्ग स्कूली बस के अचानक सामने बाघ आने से बस में सवार बच्चे सहम गए। शनिवार सुबह माधोटांडा कस्बे के विद्या निकेतन पब्लिक स्कूल की मिनी बस तराई क्षेत्र से बच्चों को लेकर लौट रही थी। मिनी बस नहर किनारे बाइफरकेशन मार्ग से गुजर रही थी कि अचानक एक बाघ नहर की ओर से निकलकर सड़क पर आ गया। सड़क पर बाघ को देखकर चालक ने बस रोक दी। बताते हैं कि बाघ करीब पांच मिनट तक बस के आसपास ही चहलकदमी करता रहा। बाघ को देख बच्चे बुरी तरह सहम गए। कुछ देर बाद बाघ जंगल में चला गया, तब कहीं जाकर बस स्कूल के लिए रवाना हो गई।

### हरकिशनापुर में तेंदुआ का तांडव, तालाब के किनारे जमाया डेरा



न्यूरिया क्षेत्र के गांव हरकिशनापुर के समीप शनिवार सुबह करीब साढ़े दस बजे तेंदुआ देखे जाने से दहशत फैल गई। बताते हैं कि तेंदुआ हरकिशनापुर एवं गौहर गांव की सीमा पर एक नहर के पास चहलकदमी कर रहा था। जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ उस ओर दौड़ पड़ी। भीड़ ने उसे लाठी-डंडे लेकर दौड़ना शुरू कर दिया। भीड़ देख तेंदुआ भाग निकला। ग्रामीणों के मुताबिक तेंदुए गांव से करीब आठ सौ मीटर की दूरी पर एक तालाब के किनारे खड़े केले के पेड़ों में छिपा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस और सामाजिक वानिकी प्रभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। तेंदुआ को देखने के लिए भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई। टीम ने तेंदुआ की मॉनिटरिंग शुरू कर दी है। पुलिस ने ग्रामीणों को सतर्क करते हुए इस ओर न आने की हिदायत दी।

# आठ सचिव व तीन केंद्र प्रभारियों पर गिरी गाज

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** गेहूं खरीद को लेकर प्रशासन एक्शन मोड में है। गेहूं खरीद का लक्ष्य हासिल करने के लिए रोजाना समीक्षा की जा रही है। समीक्षा के दौरान कम गेहूं मिलने पर आठ समिति सचिवों व दो क्रय केंद्र प्रभारियों को निलंबन पूर्व नोटिस जारी किया है। जबकि एक केंद्र प्रभारी को निलंबन का नोटिस दिया है। इन सभी को आपेक्षित लक्ष्य के सापेक्ष खरीद न करने पर निलंबित करने की चेतावनी दी गई है। यह कार्रवाई डीएम के निर्देश पर सहायक निबंधक सहकारिता की ओर से की गई है।

शासन ने इस बार जिले को 3.08 लाख एमटी गेहूं खरीद का लक्ष्य दिया है। जिले में पहली मार्च से 145 केंद्र खोले गए थे, लेकिन फसल तैयार न होने के चलते गेहूं खरीद तीन अप्रैल से शुरू हुई थी। पिछले सालों में कम गेहूं खरीद को देखते हुए इस बार लक्ष्य के सापेक्ष खरीद करने के लिए गेहूं को जनपद से बाहर ले जाने पर प्रतिबंध लगाया गया। जनपद सीमाओं पर टीमें निगरानी कर रहीं हैं। बावजूद जिले में गेहूं खरीद रफ्तार नहीं पकड़ पा रही थी। शासन से प्रमुख सचिव खाद्य एवं विशेष सचिव खाद्य ने जनपद दौरे के दौरान कम गेहूं खरीद पर खासी नाराजगी जताते हुए कम गेहूं खरीद करने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। जिसके बाद प्रशासन भी एक्शन मोड में आ गया। इधर, समीक्षा के दौरान कम गेहूं खरीद मिलने पर बी-पैक्स लिमिटेड नवदिया रोहनिया बीसलपुर के सचिव रामदास यादव, राजकुमार, जयप्रकाश शुक्ला, भरत गंगवार, संजय सिंह, महेश पाल सिंह, सिराज बहादुर खां को सहायक निबंधक सहकारिता डॉ. प्रदीप कुमार सिंह की ओर से निलंबन पूर्व नोटिस जारी किया गया है। इन सभी सचिवों को रोजाना 100 क्विंटल खरीद करने के निर्देश दिए गए हैं।

- डीएम के निर्देश पर गेहूं की कम खरीद पर समिति सचिवों और केंद्र प्रभारियों को नोटिस जारी
- आपेक्षित लक्ष्य के सापेक्ष खरीद नहीं करने पर अन्य प्रभारियों को भी निलंबन की चेतावनी

> उच्चाधिकारियों द्वारा की जा रही समीक्षा के दौरान कम गेहूं खरीद मिलने पर समिति सचिवों एवं केंद्र प्रभारियों को निलंबन पूर्व नोटिस जारी किया गया है। अपेक्षित लक्ष्य के सापेक्ष खरीद न करने पर निलंबित करने की चेतावनी दी गई है। – **डॉ. प्रदीप कुमार सिंह**, सहायक निबंधक, सहकारिता

### पांच सौ क्विंटल खरीद नहीं होने पर स्वतः निलंबित माने जाएंगे जोगरापुर केंद्र प्रभारी

सहायक निबंधक सहकारिता की ओर से दो सचिव को निलंबन पूर्व नोटिस किया है, जबकि बी-पैक्स लिमिटेड जोगराजपुर के केंद्र प्रभारी अरुन को निलंबन नोटिस जारी किया गया है। सहायक निबंधक सहकारिता के मुताबिक केंद्र प्रभारी को पूर्व में निलंबनपूर्व नोटिस जारी किया गया था। इसके बाद भी सप्ताह भर से केंद्र प्रभारी ने कोई खरीद नही की। जारी नोटिस में केंद्र प्रभारी को तीन दिन में 500 क्विंटल खरीद करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित समय में खरीद न होने पर केंद्र प्रभारी स्वत: ही निलंबित माने जाएंगे। इसके अलावा कम गेहूं खरीद पर पीलीभीत जिला सहकारी बैंक एट परेवा वैश्य केंद्र के क्रय केंद्र प्रभारी कालीदास कविराज एवं यूपीएसएस बलरामपुर क्रय केंद्र के केंद्र प्रभारी ब्रजेश कुमार यादव को निलंबन पूर्व नोटिस जारी किया गया है। इन दोनों सचिवों का रोजाना सौ क्विंटल खरीद न करने पर निलंबित करने की चेतावनी दी गई है। सहायक निबंधक सहकारिता की इस कार्रवाई से हड़कंप मचा हुआ है।

### अवैध डोडा रखने के आरोपी को एक वर्ष कैद, जुर्माना

**पीलीभीत** ।स्पेशल जज एनडीपीएस एक्ट चन्द्र मोहन मिश्र ने एनडीपीएस एक्ट के मामले की सुनवाई के बाद आरोपी थाना बिलसण्डा के ग्राम बड़ेपुरा मरौरी निवासी हरवीर सिंह उर्फ छोटू सिंह पुत्र जोगेन्द्र पाल सिंह को अवैध डोडा रखने का दोषी पाते हुए एक वर्ष कैद और 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। अभियोजन कथानक के अनुसार 28 जुलाई 2023 को थाना बिलसण्डा के दरोगा संजय कुमार पुलिस टीम के साथ शांति व्यवस्था की ड्यूटी में थे। ग्राम हेमूपुर से वापस आ रहे थे तभी सिसैइया तिराहे के पास बड़ेपुरा जाने वाले रास्ते पर एक व्यक्ति पुलिस को आता देखकर भागने लगा। उसके हाथ में एक थैला भी था। पुलिस टीम ने उसे कुछ दूरी से पकड़ लिया। पूछने पर उसने अपना नाम हरवीर सिंह उर्फ छोटे सिंह बताया और उसके कब्जे से दो किलो अवैध डोडा बरामद हुआ। पुलिस ने विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। मुकदमे की सुनवाई स्पेशल जज एनडीपीएस एक्ट चंद्रमोहन मिश्र के न्यायालय में हुई। दोनों पक्षों को सुनने और पत्रावली का परिशीलन करने के बाद न्यायालय ने आरोपी को दोषी पाते हुए सजा सुनाई।

## सार-संक्षेप

### दो विकेट से डीएम की टीम ने एसपी -11 को हराया मैच



**पीलीभीत।** एलएच चीनी मिल ग्राउंड पर शनिवार को डीएम-11 और एसपी -11 के बीच क्रिकेट मैच खेला गया। मैच 15 ओवर का रहा। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए डीएम संजय कुमार सिंह की टीम ने 15 ओवर में कुल 80 रन बनाए। डीएम ने 07 रन, जिला पंचायत राज अधिकारी सतीश कुमार ने 15 रन, एसीजेएम अमित यादव ने 10 रन, नगर मजिस्ट्रेट ने 09 रन बनाए। एसपी-11 टीम के बॉलर सीओ सदर प्रतीक दहिया ने 01 विकेट, एसपी अविनाश पांडेय ने 02 विकेट, एएसपी विक्रम दहिया ने 02 विकेट, डीएफओ मनीष सिंह ने 01 विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए एसपी -11 मैदान में उतरी। एसपी अविनाश पांडेय ने 12 रन, डीएफओ मनीष सिंह ने 15, एएसपी विक्रम दहिया ने 05, सीओ सदर प्रतीक दहिया ने 04 रन बनाए। अन्तिम ओवर में 07 रन चाहिए थे। इस पर पांच गेंद में चार रन बन गए। अंतिम गेंद पर तीन रन का लक्ष्य बाकी थी, लेकिन विकेट गिर गया। जिसके बाद डीएम-11 ने एसपी - 11 टीम को 02 विकेट से पराजित कर दिया।

### बच्चों ने लिखी चींटी, टिड्डा और प्यासे कौवे की कहानी




**पीलीभीत।** स्प्रिंगडेल कॉलेज में स्टोरी राइटिंग कम्पटीशन ( कहानी लिखो प्रतियोगिता ) शनिवार को हुई। जिसमें बच्चों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। बच्चों ने चींटी और टिड्डा, लालची कुत्ता, अंगूर खट्टे हैं, मेहनती लकड़हारा, प्यासा कौआ.. आदि कहानियां सुंदर तरीके से लिखीं। कक्षा एक के बच्चों ने रिक्त स्थान की पूर्ति करके कहानी लिखी ।प्रधानाचार्या प्रिया आनन्द ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों के लिखने की क्षमता विकसित करना है। प्रतियोगिता में कक्षा एक की अराध्या हितैषी प्रथम, साक्षी द्वितीय,देवांश तृतीय स्थान पर रहे। वर्ग दो में देवांश मौर्य प्रथम , सिद्धि सिंह द्वितीय व पारस तृतीय स्थान पर रहे ।कक्षा दो में ईशानी लोधी प्रथम, अम्बिका द्वितीय,वीर तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा तीन की जसलीन कौर प्रथम , मान्या द्वितीय, शिवन्या श्रीवास्तव तृतीय पर रहीं। कक्षा चार में अवन्या यादव, अंश पटेल प्रथम, याशिका , असनिदा , मोहसिन एकाग्रता द्वितीय, प्रांजल आयु, दक्ष मौर्य तृतीय स्थान पर रहे। कार्यकारी निदेशक डॉ. हेमन्त जगोता ने बच्चों के कार्य की प्रशंसा की और बधाई दी। निर्णायक मंडल में उपमा सक्सेना , मुस्कान अकरम, अफ्शा रहीं।

# भये प्रकट कृपाला दीन दयाल कौशल्या हितकारी..

**बिलसंडा, अमृत विचार:** सुन्दर काण्ड समूह के तत्वावधान में हनुमान मंदिर परिसर में चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के चौथे दिन शनिवार को श्रीराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। फर्रुखाबाद से पहुंचे कथा व्यास अंबरीश तिवारी ने भगवान श्रीराम सहित चारों भाईयों के जन्म प्रसंग की ऐसी व्याख्या की कि श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। भए प्रगट कृपाला दीनदयाला कौशल्या हितकारी की चौपाईयों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। कथा व्यास ने बताया कि तीन कल्प में तीन विष्णु का अवतार हुआ। चौथे कल्प में साक्षात भगवान श्रीराम माता कौशल्या के गर्भ से अवतरित हुए। सती प्रसंग की व्याख्या करते कहा कि एक बार माता सती, भगवान शंकर को बिन बताए ही माता सीता का रूप धारण कर भगवान राम की परीक्षा लेने चली गई। जहां श्रीराम ने उन्हें पहचान पूछ लिया। हे माता आप अकेले कहां घूम रही हैं। जिसे सुन माता सती संकोच में पड़ गई। लेकिन भगवान शंकर ने ध्यान लगाकर सती द्वारा भगवान श्रीराम की परीक्षा लेने की बातें जान ली। वह सोच में पड़ गए कि सती माता सीता का रूप धारण कर भगवान श्रीराम की परीक्षा लेने गई। माता सती से कहा कि तुम्हारे पिता ने यज्ञ में आने के लिए हम लोगों को आमंत्रित नहीं किया है, हालांकि माता-पिता, गुरु एवं मित्र के घर जाने के लिए आमंत्रण की जरूरत नहीं होती है, लेकिन जहां मान नहीं,वहां बिन बुलाए जाना भी नहीं चाहिए। संगीतमय कथा सुनने के लिए हर दिन सायं काल से रात्रि आठ बजे तक बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। कथा की व्यवस्था में महन्त श्रीकृष्ण गिरि महाराज,राजेश मिश्रा राजू,अरविन्द शुक्ला,दिनेश अवस्थी,रजनीश मिश्रा,सचिन मिश्रा,राजीव त्रिवेदी,भोलेनाथ जायसवाल,सुन्दर लाल पटेल,अनूप गुप्ता,राजेन्द्र गुप्ता आदि का सहयोग रहा।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

रामस्वरूप त्रिपाठी सेवा संस्थान द्वारा संचालित
05870357120
9140089004
विद्या कुँवरि स्मारक
सरस्वती विद्या निकेतन इण्टर कालेज
माध्यमिक शिक्षा परिषद-उ॰प्र॰, प्रयागराज द्वारा विज्ञान, वाणिज्य एवं मानविकी वर्ग में अंग्रेजी/ हिन्दी माध्यम से मान्यता प्राप्त
अर्जुन नगर कॉलोनी, लखीमपुर रोड, गोला गोकर्णनाथ जनपद लखीमपुर (खीरी) उ. प्र.
शिक्षण सत्र 2024-25 हेतु
नर्सरी से सभी कक्षाओं में प्रवेश प्रारम्भ
वर्ष 2023 में उच्च शिक्षा/ सेवा में चयनित

स्मृति अग्रवाल – चार्टर्ड एकाउन्टेंट
शिवम वर्मा – सतर्कता अधिकारी (NCB)
आयुष वर्मा – जिला सूचना अधिकारी
उदय प्रताप सिंह – गृह मंत्रालय
दीपशिखा – एम॰बी॰बी॰एस॰
मयंक शेखर श्रीवास्तव – आबकारी निरीक्षक
जनपद की टॉप टेन मेधावी सूची - 2023 में सर्वाधिक 5 विद्यार्थी इसी विद्यालय से चयनित
मधु त्रिपाठी – प्राचार्या (बालिका विभाग)
महेन्द्र कुमार त्रिपाठी – प्राचार्य (माध्यमिक विभाग)
प्रवेश फार्म विद्यालय कार्यालय में उपलब्ध

